एक माननीय सदस्य : आप लोग जवाब दीजिए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Salve, please ask him to keep quiet.

उपसभापति : मि० अटल बिहारी वाजपेयी जी, आप बोलिए। ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : (व्यवधान) ... उस हुकूमत से क्या उम्मीद की जा सकती है? आज संसद भवन के बाहर हरिजनों पर पुलिस लाठी चार्ज कर रही है... **(व्यवधान)** ...

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : आज हजारों-हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता संसद के बाहर अखिल भारतीय प्रदर्शन कर रही हैं और इनकी मांगें काफ़ी समय से उपेक्षित पड़ी है। ये महिलाएं जो बच्चों को संभालने का, उन को शिक्षा देने का और उनके स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का इतना महत्वपूर्ण काम करती हैं, उनके इतने महत्वपूर्ण काम के उपरांत उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं आपसे आग्रह करूंगी कि आप इस ओर सरकार का ध्यान दिलाएं।

उपसभापति : अटल जी, आप को महिलाएं डिस्टर्ब कर रही हैं। आप बोलिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : खुदा करे कि ये डिस्टर्ब हो जाएं। ... **(व्यवधान)**

SHORT DURATION DISCUSSION ON THE PRICE SITUATION IN THE COUNTRY

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (मध्य प्रदेश) : महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे देश में मूल्यों की स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा आरंभ करनेका अवसर दिया है।

कोई इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि देश मूल्यों के संकट में फंसा है। मूल्यों का यह संकट दोहरा संकट है। एक ओर हम जीवन मूल्यों के संकट में फंसे हैं और दूसरी ओर जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि के कारण संकट में फंसे हैं। मैं यहां जीवन मूल्यों के संकट की चर्चा नहीं करूंगा। वह अलग विषय है। उस पर फिर कभी चर्चा होगी। मेरा उद्देश्य इस समय कीमतों की वृद्धि के कारण जो स्थिति पैदा हुई है, उसकी ओर सदन का ध्यान खींचना है।

इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वर्तमान सरकार को जो आर्थिक स्थिति उत्तराधिकार में मिली थी, वह बड़ी शोचनीय थी।

श्री सुरेश कालमाडी (महाराष्ट्र) : कितने दिन ऐसे कहोगे? ... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं आपकी बात पर आ रहा था ... **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : इन्हें कांग्रेस से निकाले गए जो नेता मिले थे, वह बड़े घटिया थे। वह सरकार नहीं चला सके।

उपसभापति : आनरेबल मेंबर्स, डिप्टी लीडर आफ़ द अपोजीशन के कहने पर हम लोगों ने यह डिस्कसन लिया है। अगर आप को प्राइस राइज की सिचुएशन गंभीर लगती है तो मैं समझती हूं कि हम इसको एक शांत वातावरण में डिस्कस करें ताकि उसका कुछ मतलब निकले। कृपया किसी को डिस्टर्ब मत करिए।

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : इन्होंने पिछली सरकार का रिफ़रेंस ... **(व्यवधान)** ... ये बताएं कि क्यों प्राइसेस इतनी बढ़ रही हैं?

उपसभापति: आप अगली सरकार का जिक्र करिए, कोई पिछली का करे मगर डिस्टर्ब मत कीजिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर प्रतिपक्ष के सदस्य मुझे टोकते नहीं तो भूमिका बांधने के बाद मैं वहीं आने वाला था, लेकिन आप ने मौका नहीं दिया। पहले, आप मान लीजिए कि स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन उस कारण पिछले 8-9 महीनों में क्या हुआ है, इसको दृष्टि से ओझल नहीं किया जा सकता है। सरकार को जो स्थिति उत्तराधिकार में मिली, उसको सामने रख कर सरकार ने यह आश्वासन दिया था कि बढ़ते हुए मूल्यों पर अंकुश लगाया जाएगा। यह केवल हमारा चुनाव का वायदा नहीं था। सरकार जो बनी, उसके वित्त मंत्री ने, प्रधान मंत्री जी ने भी मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखे, संसद-सदस्यों को चिट्ठियां लिखीं। बढ़ते हुए मूल्यों पर चिंता प्रकट की और उनके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इसकी ओर भी संकेत किया। वित्त मंत्री महोदय ने बजट पेश करते हुए जो भाषण दिया था, उसका एक अंश मैं उद्धृत करना चाहता हूं :-

"The first task of the new Government was to contain the rise in prices. A Cabinet Committee on prices was formed and effective steps were taken to increase the supply of essential commodities to remove the inflationary psychology and contain inflation. The price situation, however, remains a matter for concern and the management of inflation is one of the priority areas of this Government."

महोदया, जो सरकार जनता से विश्वास प्राप्त करके अस्तित्व में आई वह सरकार मूल्यों की स्थिति के बारे में चिंतित थी। उसका यह आश्वासन था कि वह कदम उठाएगी। कुछ कदम उठाए गए हैं, लेकिन उन कदमों के बावजूद कीमतें बढ़ रही हैं, यह भी एक सत्य है। आंकड़े, सरकारी आंकड़े इनकी पुष्टि करते हैं। ये आंकड़े सरकारी सूत्रों से प्राप्त हैं-

Commodities group, percentage change increase in wholesale price index as of June 23, 1990 over and December, 1989: Pulses 10.7, fruits and vegetables 35.1, cardamom 21.1, other food articles 15.0, oilseeds 22.6, sugar, khandsari and gur 10.0; edible oils 17.5, beverages, tobacco, etc. 11.8.

होलसेल, थोक मूल्य बढ़े हैं, वे आंकड़े मेरे पास हैं। लेकिन थोक मूल्य सही स्थिति का दिग्दर्शन नहीं करते, उपभोक्ता को फुटकर मूल्यों में सामान खरीदना पड़ता है। लेकिन, थोक मूल्यों की वृद्धि भी असाधारण वृद्धि है, चिंताजनक वृद्धि है, आम आदमी की कमर तोड़ने वाली महंगाई है। इस महंगाई का कारण क्या है ? निस्संदेह, जो आर्थिक स्थिति उत्तराधिकार में मिली थी, जो मुद्रास्फीति इस सरकार को उत्तराधिकार में मिली है, वह कारण है। लेकिन जो उत्तराधिकार में मिला, वह तो चुनाव के बाद मिल गया . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री जगश देसाई (महाराष्ट्र) : वाजपेयी जी, एक मिनट . . (**व्यवधान**) . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Desai, please don't disturb. Let him speak.

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): They have their own speakers.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please don't interject. I would not allow.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, मैं टोका-टोकी के खिलाफ़ नहीं हूं, मगर रोका-रोकी के खिलाफ़ हूं।

महोदया, मेरा निवेदन है कि जो कदम सरकार ने उठाये हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि जो स्थिति सरकार को विरासत में मिली है, वह काफ़ी गंभीर थी। इस बार मुझे टोका नहीं गया। धन्यवाद। लेकिन अब यह कहने से काम नहीं चलेगा क्योंकि जो स्थिति मिली है, उसमें से स्थिति को

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

कैसे सुधारा जाय, इसके लिए कदम उठाये जायें ।

मेरा निवेदन है कि जिस तरह की नीतियां बनाई गई हैं और उनमें एक बड़ा कारण है बजट और बजट में लादे गये कर-भार । केन्द्रीय बजट में 1,790 करोड़ रुपए के नए कराधान थे । रेलवे बजट में 470 करोड़ रुपए यात्री-किराए और मालभाड़े की दर से वसूल किये गये । पेट्रोलियम उत्पादों के फुटकर मूल्यों में वृद्धि की गई । हम जो क्रूड-आयल बाहर से मंगाते हैं उसके आयात शुल्क में भी वृद्धि की गई जिससे 834 करोड़ रुपए का सरकार ने धन अर्जित किया । राज्य सरकारों ने टैक्स लगाये हैं । अलग-अलग बिजली बोर्डों ने बिजली की दरों में वृद्धि की है, इनका भी असर हुआ है । यद्यपि उस समय वित्त मंत्रालय की ओर से यह दावा किया गया था कि दाम बढ़ेंगे तो नाम मात्र के लिए बढ़ेंगे । रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने तो जीरो, जीरो, जीरो का हिसाब लगा कर कुछ आंकड़े पेश किये थे, लेकिन सरकार यह स्वीकार करेगी कि इसका भी मूल्य वृद्धि पर असर हुआ है ।

यह ठीक है कि सरकार का उत्तर होगा कि घाटा हमें बहुत मिला था और घाटे के कारण मुद्रास्फीति होती है और उस पर काबू करने के लिए और घाटे को कम करने के लिए यह आवश्यक था । लेकिन अगर मूल्य बढ़ाये गए थे, कर बढ़ाये गये थे तो फिर दूसरे उपाय अपनाए जाने चाहिए थे जिससे कि जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि न होती । मैं बार-बार जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों का सवाल उठा रहा हूं—आम आदमी के काम में आने वाली चीजें । मेरे पास आंकड़े हैं, मैं आंकड़े देकर अपने भाषण को भारी नहीं बनाना चाहता । दाल के भाव बढ़े हैं । खाने के तेल के दाम में दस रुपए की वृद्धि हुई है एक छोटे से टिन के ऊपर सीमेंट के भाव बढ़े हैं । चाय के दाम बढ़े हैं । इन वस्तुओं के मूल्यों की वृद्धि आम आदमी के बजट को बिगाड़ रही है, पारिवारिक जीवन को अस्त व्यस्त कर रही है । नमक भी महंगा हुआ है । मैं दाल की बात इसलिए कर रहा था कि दाल गरीब का खाना है, उसमें प्रोटीन है और दाल में यह शक्ति है कि अगर बिना बुलाए मेहमान घर में आ जायें तो जल की मात्रा बढ़ा कर मेहमानों का संतोष किया जा सकता है । यह क्षमता और किसी खाद्य पदार्थ में नहीं है ।

प्रधान मंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : कभी-कभी उसमें काला भी होता है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दाल में काला होता है, मगर पूरी दाल काली न हो जाय मुझे इसका डर पैदा हो रहा है ।

श्री माखन लाल फोतेदार (उत्तर प्रदेश) : नमक भी होता है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : श्री फ़ोतेदार नमक की बात कर रहे थे । नमक का महत्व है, मगर फ़ोतेदार साहब, एक उम्र के बाद नमक थोड़ा कम खाना चाहिए ।

महोदया, आम आदमी के काम में आने वाली चीजें महंगी हो रही हैं । यह ठीक है, जैसा मैंने उल्लेख किया, कि सरकार ने कदम उठाये हैं, प्रधान मंत्री चिंतित हैं, मगर मुख्य मंत्रियों को उन्होंने जो पत्र लिखा उसका नतीजा क्या निकला ? सरकारी खर्च में कमी करने की बात चल रही है, गुंजाइश भी है । कीमतों के बारे में हमें बताया गया था कि कहीं मानिटरिंग हो रहा है, कोई बैठा-बैठा देख रहा है कि दाम कितने बढ़ रहे हैं, कितने चढ़ रहे हैं ।

महोदया, दामों के ऊपर न्यूटन का सिद्धान्त लागू नहीं होता । न्यूटन का सिद्धान्त यह है कि जो ऊपर जाता है वह नीचे आता है, मगर हमारे दामों पर यह सिद्धांत लागू नहीं होता, वह अगर एक बार ऊपर चले गये तो फिर ऊपर, ऊपर, ऊपर ही रहते हैं । अब इस मानिटरिंग का नतीजा क्या निकला ?

चीनी के बारे में मैं जानता हूं कि चीनी के बारे में सरकार ने फ़ैसला किया है कि अगर चीनी रिलीज कर दी जाती है फ्री सेल के लिए, वह अगर बेची नहीं जाती है तो उसको लेवी शुगर में बदल दिया जाये । परिणाम क्या हुआ ? सीमेंट के बारे में सरकार ने कदम उठाये थे । सीमेंट निर्माताओं ने कीमतें कम करने का आश्वासन दिया था, मगर मुझे देखकर ताज्जुब हुआ कि दिल्ली के सुपर बाजार में सीमेंट की बोरी मिल रही है 80 रुपए में और बाजार में मिल रही है 91 रुपए में और उपभोक्ता 91 रुपए में खरीद रहे हैं। क्या इसका कारण यह है कि सुपर बाजार के आगे लम्बी लाइन लगती है ? इसके साथ वितरण की समस्या भी जुड़ी हुई है, इसकी ओर भी सदन का ध्यान दिलाना चाहूंगा ।

महोदया, एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि वित्त मंत्री महोदय ने इस बात का आश्वासन दिया था कि सरकार देश के भीतर और देश के बाहर कितना कर्जा ले सकता है, इसके बारे में कोई सीमारेखा निर्धारित करने के बारे में वह विचार करेंगे । वित्त मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया था कि वह आर्टिकल 292 को लागू करने के बारे में विचार करेंगे । लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है ।

मुझे बताया गया है कि हमारा देश रोज 120 करोड़ रुपए के कर्जे में डूब रहा है । यह श्री नाना पालकीवाला के आंकड़े है और मैं समझता हूं, सही हैं । इतना कर्जा कैसे बढ़ रहा है ? क्या कर्जे की कोई सीमारेखा नहीं होनी चाहिए ? क्या सरकार को इस मामले में संसद के सामने नहीं आना चाहिए ? धन अगर उत्पादक कामों में खर्च हो तो हमें आपत्ति नहीं है, लेकिन यदि अनुत्पादक कामों में खर्च हो तो ? इसलिए मैं चाहूंगा कि वित्त मंत्री महोदय इस चर्चा का जवाब देते समय यह बताएं कि पिछले कुछ महीनों में सरकार के अनुत्पादक व्यय को कम करने में कितनी सफलता मिली है, इसके बारे में सदन के सामने आंकड़े रखें, सदन को विश्वास में लें ।

महोदया, हमारे सामने आज एक गहरा आर्थिक संकट है । अब मैं राजनीति से ऊपर उठकर बात करना चाहती हूं । आरोप-प्रत्यारोप चलेंगे मगर विश्व की परिस्थिति जिस तरह से बदली है उसमें हमारे लिए विदेशों से सहायता प्राप्त करना भी कम होने वाला है । जो औद्योगिक देश हैं उनके लिए पूरा यूरोप बाजार के रूप में प्रस्तुत हो गया है । वे हमारे यहां पूंजी लगाने के लिए अधिक आकृष्ट नहीं होंगे जिससे विदेशी बाजार में हमारे माल की प्रतियोगिता बढ़ेगी । इसलिए माल के उत्पादन पर नजर उसकी उत्पादकता पर नजर, गुणवत्ता पर नजर, जिससे कि हम विदेशी मुद्रा कमा सकें और घाटे को कम कर सकें। इसके लिए देश में जो एक आर्थिक अनुशासन की भावना चाहिए, वह अनुशासन की भावना अभी नहीं है ।

मेरे सामने श्री साल्वे बैठे है, वह फाइनेंस कमीशन के अध्यक्ष थे । राज्यों की मांगें बढ़ रही हैं, राज्यो की जिम्मदारियां भी बढ़ रही हैं । वे नए टैक्स लगाते हैं, मगर लगाने में उन्हें संकोच होता है । यहां एक बात मैं कहना चाहता हूं कि राज्यों के बिजली बोर्ड जिस तरह से काम कर रहे हैं, उसमें परिवर्तन होना चाहिए । मुझे बताया गया है कि बिजली बोर्डों के ऊपर रेलवे का करीब 800 करोड़ रुपया बकाया है । रेलवे कोयला ढोती है, वह बिजली घरों में जाता है, उससे बिजली बनती है, राज्यों के उद्योग, राज्यो की खेती पनपती है मगर रेलवे के 800 करोड़ रुपए बिजली बोर्ड वापस नहीं कर रहे हैं । यह कैसे चलेगा ? बिजली बोर्डों को सुधारना होगा । रेलवे का जो देय है, उसे वापस करना होगा । इस तरह की जिम्मेदारियां एक दूसरे को निभानी पड़ेंगी । इसके लिए आवश्यकता है एक आर्थिक अनुशासन की, लेकिन हम देखते

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

राजनीति में इतना डूबे हुए हैं कि कुछ आवश्यक समस्याएं हमारी आंखों से ओझल हो रही हैं ।

महोदया, मूल्यों के बारे में मैं एक बुनियादी बात उठाना चाहता हूं । किसान के साथ न्याय हो, किसान को उसकी फसल का लाभप्रद मूल्य मिले, यह सारा सदन चाहता है, यह देश चाहता है । यह किसी एक व्यक्ति की नीति नहीं है, यह हमारी सामूहिक नीति है, मिली-जुली नीति है और इसी बात को ध्यान में रखकर गेहूं और चावल के दाम बढ़े हैं। लेकिन किसान केवल उत्पादक नहीं है, उपभोक्ता भी है । गेहूं और चावल की कीमत थोड़ा बढ़ाकर उसे जो प्राप्त हुआ है, वह अन्य उपभोग वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतों के कारण व्यर्थ हो गया है।

अब एक कमीशन है--एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन । पहले खाली प्राइस की बात होती थी, कास्ट का उसमें समावेश नहीं था । नाम बदला गया । कमीशन को यह जिम्मेदारी सौंपी गई और वह अपने दायित्व का पालन कर रहा है। वह द्यौरे में जाकर देखता है । उसकी रिपोर्ट सदन में आती है, सार्वजनिक बनती है । मैं पूछना चाहता हूं कि वह जो बड़े-बड़े उद्योगपति रोजमर्रा के काम आने वाली चीजें तैयार कर रहे हैं इनकी लागत, इनकी कीमत, इन पर कमाया जाने वाला मुनाफा क्या इसका कोई हिसाब है ? उस दिन खुले मंच पर वित्त मंत्री महोदय कह रहे थे और मैं तो सुनकर चकित रह गया, अवाक रह गया । वह कह रहे थे कि औद्योगिक वस्तुओं के दामों पर हम ठीक तरह से विचार करते हैं और औद्योगिक वस्तुओं के दाम बहुत सोच समझकर निर्धारित किये जाते हैं । मुझे इसका कोई प्रमाण नहीं मिला ।

मैं काफी समय से यह सवाल उठा रहा हूं कि बाजार में जो स्कूटर 12 हजार, 13 हजार रुपये में बिकता है उसका लागत मूल्य क्या है ? जो कम्पनियां हैं... **(व्यवधान)**

श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव (महाराष्ट्र) : नोट मोर दन 4 थाऊजेंड।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : नहीं 4 थाऊजेंड नहीं । जाधव साहब, आपने हिसाब नहीं लगाया है । उसका मूल्य 20 परसेंट लाभ जोड़कर 7 हजार से ज्यादा नहीं होना चाहिये । हमने इस पर काम किया है । अगर कोई कहे कि आपके आंकड़े ठीक नहीं हैं और हम आपके सामने बैलेंस शीट रखने को तैयार हैं तो उसे देखा जा सकता है। मगर उद्योगपति बैलेंस शीट रखने को तयार नहीं और सरकार उन्हें विवश करने को तैयार नहीं है कि बैलेंस शीट रखे । यही पुरानी सरकार कर रही थी। यही नयी सरकार कर रही है । कभी-कभी मुझे लगता है कि सरकारें सब एक सी चलती हैं... **(व्यवधान)**

एक सम्मानित सदस्य : आपके मुंह में घी शक्कर ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मुझे फिर भी भरोसा नहीं है... **(व्यवधान)**

एक सम्मानित सदस्य : यह तो आप ही चला रहे हैं... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब यह देखिये आपने फिर टोकना शुरु कर दिया। महोदया, मैं कह रहा था कि कुछ मामलों में सरकारों का चाल-चलन एक सा होता है ।

श्री सत्य पाल मित्तल (नाम निर्देशित) : नहीं साहब सुनिये,

"खूब पर्दा है कि चिलमन से लगे बैठे हैं,
साफ़ छुपते भी नहीं सामने आते भी नहीं ।"

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वल्लाह-वल्लाह-वल्लाह, इरशाद-इरशाद एक और हो जाये ।

एक सम्मानित सदस्य : टोका-टाकी तो आप बर्दाश्त करते हैं परन्तु लीपापोती ... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर कोई गंदा कर गया है तो लीपापोती तो करनी पड़ेगी ।

महोदया, मैं एक गंभीर प्रश्न उठा रहा हूं, मैं आपका इसमें समर्थन चाहता हूं । भूल जाइये पुरानी सरकार ने क्या किया ? औद्योगिक मालों का मूल्य किस आधार पर तय होगा ? औद्योगिक माल किस आधार पर बाजार में बिकेगा ? जिस टूथ ब्रुश की लागत एक रुपया 10 पैसा है वह तीन रुपये में, साढ़े तीन रुपये में किस हिसाब से बिक रहा है ? मेरे पास और भी आंकड़े हैं—चाय में, सीमेंट में । महोदया, चाय और सीमेंट के जब आंकड़े तैयार होते हैं और उस समय जो गड़बड़ होती है, थोड़ी सी गड़बड़ वह दूरगामी परिणाम पैदा करती है । हमारी मांग है—एक ब्यूरो बना हुआ है—ब्यूरो फार इंडस्ट्रीयल कास्ट एंड प्राइसेस । मगर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाती, वह रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिये ।

सरकार विचार करे कि क्या एग्रीकलचरल प्राडक्ट के लिये जैसा कमीशन बनाया है क्या इंडस्ट्रियल गुड्स के लिये ऐसा कमीशन बनाना उचित नहीं होगा ? उचित मुनाफ़ा कमाया जाये मगर अनाप-शनाप मुनाफ़ा बंद होना चाहिये । देश में लूट की छूट है । इसमें सरकार भी अपने दायित्व का पालन नहीं कर रही है। गेहूं का दाम बढ़ाया—कितना बढाया ? मगर आटे के दाम में जितना बढ़ोत्तरी हुई है उसका गेहूं के बढ़े हुये दाम से कोई मेल नहीं और सरकार भी आटे के जो मिल चलाती है उसका भी वही हाल है । सरकार कह सकती है कि हमें बाजार भाव से चलना है नहीं तो घाटा होगा । घाटा होगा तो एक और कठिनाई पैदा होगी । हम एक ऐसे विषय चक्र में फंस गये हैं जिसका कोई हल नहीं है । मेरा निवेदन कि किसान को लाभप्रद मूल्य मिलना चाहिये लेकिन रोजमर्रा के काम में आने वाली उद्योगों में बनी हुई चीजों का दाम उचित हो । मुनाफ़ा तो होना चाहिए मुनाफ़ा के बिना कोई उद्योग नहीं चल सकता, लेकिन मुनाफ़ा अनाप-शनाप नहीं ।

सौन्दर्य के प्रसाधन बनाने वाली कम्पनियां पांच सौ परसेंट मुनाफ़ा कमा रही हैं और अपनी रिपोर्ट में घोषित कर रही हैं। टेलीविजन पर विज्ञापन भी दे रही हैं । क्या विज्ञापन के साथ उसकी कीमत नहीं आनी चाहिये ? टेलीविजन पर विज्ञापन का ऐसा असर हो रहा है, देश में कंज्यूमरिज्म इस तरह से बढ़ रहा है कि जो व्यक्ति कीमतों के मारे परेशान हैं वह भी अपने बेटे या बिटिया को टेलीविजन पर बहुप्रचारित शैम्पू खरीदने से रोक नहीं सकते । उसको खरीदने के लिए जब बेटा या बिटिया जाती है तो वे दाम नहीं पूछते क्योंकि उसकी आंखों में वह टेलीविजन पर आने वाली सुन्दर मुद्रा झलकती है ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : आप बड़े भाग्यशाली हैं कि आपने शादी नहीं की । रो तो हम रहे हैं जो रोज बच्चे मांग रहे हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप खाली हो रहे हैं या आनन्द भी उठा रहे हैं ? **(व्यवधान)** महोदया, मेरा निवेदन है कि यह मांग बहुत पहले से हो रही है कि एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस और इंडस्ट्रीयल गुड्स की प्राइसेज में कोई पैरिटी होनी चाहिए, कोई समानता होनी चाहिए, कोई सम्बन्ध तो होना चाहिए । आज कोई सम्बन्ध नहीं है ।

मैंने वित्त मंत्री जी को बढ़ते हुए मूल्यों के बारे में पत्र लिखा था । उन्होंने मुझे लिखा कि हमने मंत्रिमंडल के सदस्यों की एक समिति बनाई है जो कीमतों पर विचार कर रही है । बहुत अच्छी बात है । मगर समिति की रिपोर्ट कहां है । समिति ने कौन से कदम सुझाए हैं और उन कदमों का क्या प्रभाव पड़ा है ?

श्री जगेश देसाई : दाम बढ़ाने में ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दाम घटाने में । स्थिति चिंताजनक है । उस स्थिति को सुधारने के लिए जहां दूरगामी उपायों की आवश्यकता है वहां तात्कालिक उपाय भी चाहिएं । मुझे सरकार से शिकायत है । आपको विदेशी मुद्रा का घाटा कम करना है । इसलिए विदेशों से सामान मंगाने के बारे में आप थोड़ा कड़ाई बरत रहे हैं, लेकिन क्या यह आवश्यक था कि इस बात की पहले से घोषणा कर दी जाती कि हम खाने का तेल बाहर से नहीं मंगायेंगे ? क्या इसके कारण जो तेल का भंडार करते हैं, जो दाम बढ़ा कर लाभ उठाते हैं क्या उनको भरोसा नहीं हो गया है कि तेल बाहर से आने वाला नहीं है, जो देश में तेल उपलब्ध है वह कम है । अब उचित दाम पर भेजने की क्या आवश्यकता है ? मान लीजिए सरकार ने भीतर फ़ैसला कर लिया था मगर व्यापारियों पर और उद्योगपतियों पर यह धाक रहनी चाहिए कि अगर परिस्थिति का लाभ उठा कर उपभोक्ता को आवश्यकता से अधिक परेशान किया गया तो सरकार बाहर से मंगा भी सकती है । कम से कम एक रणनीति के रूप में इसका प्रयोग करना चाहिए था । लेकिन सरकार कहती है हम बाहर से नहीं मंगायेंगे । जरूरत कैसे पूरी होगी ? खाद्य तेल की मांग तो बढ़ गयी है और लोगों की आदतें बिगड़ गयी हैं । पहले सरसों का तेल खाते थे, तिल्ली का तेल खाते थे, मूंगफ़ली का तेल खाते थे और अब रिफ़ाइन्ड ऑयल चाहिए ।

वितरण में कहां गड़बड़ी हो रही है इसका मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं । खाद्य तेल के दाम बढ़ गये और सरकार बाहर से मंगा रही है ऑयल-पामोलीन ।

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): Vajpayeeji, may I just say, it is not true that we are not importing oil. We are importing palm oil.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं इसी पर आ रहा था । पामोलीन मंगाया जा रहा है जो वेजीटेबल ऑयल से सस्ता है लेकिन उसके वितरण की व्यवस्था ठीक नहीं है । उपभोक्ता को मिलने के बजाय वह ढाबा चलाने वालों को मिल रहा है, होटल चलाने वालों को मिल रहा है । हम स्वयं उसके भुक्त भोगी हैं । पिछले तीन हफ्ते से मैं पामोलीन खरीदवाने की कोशिश कर रहा हूं । मेरा कर्मचारी जाता है तो वह कहते हैं खत्म हो गया । कब आया और कब खत्म हो गया ? जब आया ही नहीं तो खत्म कैसे हो गया ? अगर आया तो कहां आया मैंने अपने कर्मचारी को यह कहा था कि तुम अपने को नहीं बताना कि कहां से आये हो । जा कर खड़े हो जाओ, लाइन में खड़े हो जाओ, पता लगेगा । हम भी मोनीटरिंग करते हैं, क्योंकि हम इस सरकार का भला चाहते हैं ।

श्री माखन लाल फोतेदार : या लोगों का.... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम दोनों बात चाहते हैं और आप एक बात चाहते हैं । **(व्यवधान)** जब उन्हें पता लगा तो मुझे बताया गया कि आप टेलीफोन कर दीजिए, जो सामान आपको चाहिए हम आपके घर में भेज देंगे । यह ठीक नहीं है । सरकार वितरण की व्यवस्था को और सुदृढ़ करे, प्रभावी बनाये ।

जहां दुकानें नहीं हैं वहां दुकानें खुलें, उन दुकानों पर मिलने वाली चीजों की संख्या बढ़ायें । दालों को शामिल करो, खाद्य तेलों को शामिल करो, साबुन को शामिल करो और यह व्यवस्था हमेशा चलनी चाहिए । यह कोई फायर वर्क की तरह से नहीं होना चाहिए कि आग बुझ गई तो दुकान नहीं खुलेंगी, दुकान खुलेंगी तो ठीक तरह से नहीं चलेंगी । व्यवस्था ठीक होनी चाहिए । इसमें ढिलाई हो रही है । ढिलाई का एक कारण यह भी है कि जब पैदावार बढ़ जाती है और अभाव नहीं रहता है तो वितरण व्यवस्था की ओर से दृष्टि ओझल हो जाती है । ऐसा होना नहीं चाहिए । अर्थव्यवस्था के जिस दौर

में हम गुजर रहे हैं उसमें किसी भी चीज का अभाव हो सकता है। मैं अभी लखनऊ गया था। वहां पर आयल सीड्स पर अनुसंधान करने वाली एक संस्था है। वे कहते हैं कि दालों के मामले में हम कोई बकथू नहीं कर सके हैं। चने के भाव कितने बढ़ गये हैं? गरीब कैसे पेट भरेगा? वितरण व्यवस्था को और सुदृढ़ करिये, दुकान ठीक तरह से चले, इसका प्रबन्ध करिये। मैं जानना चाहता हूं कि मुख्य मंत्रियों ने क्या सुझाव दिये हैं?

महोदया, यह भी जरूरी है कि देश के सामने जो मूल्यों का संकट है, उसको हल करने के लिए, प्रदर्शन तो हम करते हैं, मांग उठाते हैं, लोकतंत्र में उसका स्थान है, लेकिन अगर सरकार कोई रचनात्मक सहयोग चाहती है तो सरकार बताये, हम इस मामले में रचनात्मक सहयोग के लिए भी तैयार हैं। मुझे विश्वास है कि प्रतिपक्ष के हमारे मित्र भी इस संबंध में हाथ बढ़ाएंगे। स्थिति संकटपूर्ण है। किसी तरह की असावधानी घातक सिद्ध होगी। लोगों को तत्काल राहत की जरूरत है। दूरगामी दृष्टि से ऐसे उपाय अपनाये कि घाटा कम हो, मुद्रास्फीति घटे और देश इस संकट में से सफलतापूर्वक निकल जाये। अभी जो इराक और कुवैत का झगड़ा हो गया है, स्वाभाविक है उससे चिन्ता है। यद्यपि सरकारी प्रवक्ता कहते हैं कि उसका आपूर्ति पर कोई असर नहीं होगा, लेकिन असर होगा। अगर यह झगड़ा बढ़ गया तो? सारी दुनिया के परिपेक्ष्य में हम देखें तो जो हमारी आर्थिक स्थिति है वह बहुत से तत्वों पर निर्भर करती है। लेकिन जो शक्तियां, जो तत्व, हमारे बूते में हैं उनके बारे में कड़ाई से कदम उठाने चाहिए, प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि यह चर्चा अच्छे वातावरण में होगी। सरकार पर आवश्यकता हो तो जरूर प्रहार किया जाय। मैं भी प्रहार करने में कोई कसर नहीं करता हूं, लेकिन उसके साथ साथ दृष्टि रचनात्मक होनी चाहिए।

महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. S. B. Chavan.

SHRI S. B. CHAVAN (Maharashtra): Madam Deputy Chairman, I am grateful to you for giving me this opportunity after Mr. Vajpayee who spoke on a very important issue which, in fact, is above politics, as he has stated. We certainly agree with this point of view that this issue has to be considered not from a political angle, but from the point of view of seeing that we are able to improve the situation. But, at the same time, I would like to remind honourable Vajpayeeji and also our friends on the left....

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: I am on your left!

SHRI S. B. CHAVAN: ....that they are, in fact, very emphatic on this issue. Mr. Vajpayee spoke as if he belongs to the Opposition. He is also aware of the fact that the present Government is in existence because of the support given by these political praties. I do not want that he should withdraw the support. But, at the same time, your support also has to be exercised in such a manner that on important and vital issues that you can bring about the kind of change that you have in your view. If you cannot bring about the kind of change that you have in your view, then what is the idea of supporting the Government from outside? And that is certainly a matter in which we would like to be enlightened. I think you will please try to understand the gravity of the situation and the role that those who are supporting his Government have to play. I am not requesting for a movement to withdraw support and see that the Government falls. Certainly we are not interested in that kind of thing. But at the same time if supporting from outside means, 'Do anything, we will just speak out and then keep quiet about the whole thing' then you will excuse me if I say that you are equally responsible for bringing about that kind of situation. (*Interruptions*). You cannot then run away from the fact, 'We spoke on the

[Shri S. B. Chavan]

subject, we were serious about it, we pointed out all the drawbacks in the working of the Government, but since we were committed to supporting the Government, that is why we had hardly any option; we have to support the Government whatever they might do. (*Interruptions*) I am happy that you have raised that issue Mr. Sukomal Sen. Is that the objective because of which you are supporting the Government? At least I was under the impression that you have a larger interest of the people at heart. I am happy that you have divulged the secret that actually that is the only thing because of which you are supporting the present Government. If that be so, then why unnecessarily show sympathy with the people, because so long as we are sitting in the Opposition you need not worry about the whole thing. You just keep quiet. Why unnecessarily give expression to your views: No, no, our sympathies are with the people. This kind of double attitude, this kind of double standard, is ultimately not going to help any political party. That is why I started the whole thing by saying that this is a non-political issue. From the country's point of view, people's interest point of view, you have to have the larger interest in view, and then if you have the lever, try to use that lever in such a manner that ultimately it should result into helping poorer sections. But if every time you are going ot say the same thing, 'this is the legacy that we have brought', then unfortunately, I think, this has become a very old record now. This is not going ot click with any one. The people have brought about this change, and after the change if you are going to repeat the same argument, I don't think that it is going to be in the interest of the people at large. They are interested in finding out how you are going to rescue the people from the difficult situation that they are facing.

Hon. Shri Vajpayeeji gave details about the prce rise in different items. I have got the figures for December 1989 and I have got the figures for May 1990. What is the change that we find in a week's time? In the case of certain items like castor oil it is ten rupees in a week; that much price rise is there. In the case of castor seed oil there is a rise of ten rupees. In the case of seisam it is sixty-five rupees, in a week-per 100 kgs. There are a number of items. If anybody is interested, I can show it. I do not want to burden the House with all the details that we have.

Is it the claim of the Government that when they gave an assurance in their election manifesto that when they come to power they are going to reduce the prices? Is it the claim of the Government that they were not aware that inflation trends are there in the economy or that deficit-financing of a particular order was prevalent in the economy? Internationally, you also know about the kind of foreign assistance that we can possibly except. Balance of payments position is, in fact, not very happy. Is it for the first time that you are coming to know that these things are prevailing in the economy? Konwing full-well that these factors are ob taining, you have given a promise to the people that you are going to reduce the prices after you come to power. Now it is not merely a party menifesto. This has been converted into a Government action plan now. After it as been mentioned in the Presidet's Address and after it has been mentioned in the Finance Minister's speech, it does not remain a party programme. It becomes a Governmet programme. Thereafter, we are interested to know what is the kind of action plan that you have in view? I am sure that those who have given the promise knew that it was not a frivolous thing that they were talking about. They were serious about it. They felt that the prices ruling in the market are very

